आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के गेयटी थियेटर में मास्टर्स यूनिवर्स प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। ये प्रदर्शनी प्रसिद्ध रूसी कलाकार, विचारक और शांति के अग्रदूत निकोलस रोरिक की एक सौ 50वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने निकोलस रोरिक के कलाकार, लेखक और विचारक के रूप में अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि रोरिक ने प्रदेश विशेष रूप से कुल्लू घाटी की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार नग्गर स्थित अंतर्राष्ट्रीय रोरिक मैमोरियल ट्रस्ट को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

मुख्यमंत्री–2

इस बीच पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोई आर्थिक संकट नहीं है और राज्य सरकार पहले ही दिन से अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कार्य कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्थित ढंग से वित्तीय व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना, मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों का वेतन व भत्ते रोकने का फैसला वित्तीय सुधारात्मक कदम के चलते लिया था जिसका राजनीतिकरण किया जा रहा है।

पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह आज से मनाया जा रहा है। 30 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रदेश के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। पोषण अभियान के अन्तर्गत 6 वर्ष की आयु वर्ग तक के बच्चों में कुपोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग व आयुष विभाग के समन्वय से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पोषण माह हर वर्ष एक से 7 सितंबर तक मनाया जाता है। इस वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 1982 में महिला व बाल विकास मंत्रालय के खाद्य व पोषण बोर्ड द्वारा की गई थी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार के प्रयासों से भारत का यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस यानि यू.पी.आई. डिजिटल लेन–देन में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। एक बयान में उन्होंने कहा कि यू.पी.आई. ने भारत में डिजिटल लेन–देन को अत्यंत सुगम बना दिया है। आंकड़ों का हवाला देते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि यू.पी.आई. के माध्यम से अप्रैल से जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रूपए का लेन–देन हुआ है। उन्होंने कहा कि यू.पी.आई. सिस्टम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं में अंतर को पाटने में भी मदद कर रहा है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार पूरी तरह से दिशा विहीन हो चुकी है। नाहन में आज पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 20 महीने के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को हर स्तर पर नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार आम जनता को जहां मंहगाई का तोहफा दे रही है वहीं अपने मित्रों को सरकारी खजाने से माला माल कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को जनविरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि इसके विपरीत भाजपा गरीब कल्याण और राष्ट्र विकास का लक्ष्य लेकर चलने वाली पार्टी है।

महानिदेशक

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग में महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत अपने 33 वर्ष के कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर सेवाएं दी हैं।

कृषि मंत्री

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि युवा पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है। कांगड़ा जिले में ज्वाली क्षेत्र के पलोहड़ा में आज एक खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले

जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों की घटती संख्या गंभीर चिंता का विषय है और स्कूली अध्यापकों सहित पंचायत प्रतिनिधियों को इस दिशा में चिंतन करने की जरूरत है।

<u>सीपीएस</u>

मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने सोलन जिले के भूमति में आज खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में 28 स्कूलों के चार सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। संजय अवस्थी ने युवाओं से पढ़ाई के साथ–साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने का आहवान किया।

दूसरी ओर बैजनाथ क्षेत्र के कृष्णा नगर में मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने छात्राओं की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है।

....
....